हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 25 मार्च, 2015/4 चैत्र, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 11

मार्केटिंग बोर्ड की संचित आय

812 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31 जनवरी, 2015 तक Himachal Pradesh State Marketing Board की कुल कितनी संचित आय (Cummulative income) थी;

(ख) गत तीन वर्षों में उपरोक्त संचित आय व व्यय का ब्यौरा वर्षवार जिलाशः दें; और

(ग) प्रत्येक वर्ष Marketing Board अपनी आय के विपरीत प्रशासनिक खर्च (Administrative Expenditure) व पूंजीगत व्यय (Capital Expenditure) पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय कर रहा है; ब्यौरा प्रत्येक जिला का कमेटीवार दें?

विकास खण्ड में पंचायतों को सम्मिलित करना

813 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत हिमगिरी की पांच पंचायतों को तीसा विकास खण्ड में जोड़ने का विचार सरकार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) यह सत्य है कि इस चुनाव क्षेत्र की बहुत सी पंचायतों को अलग किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो कौन-कौन सी ?

पुल निर्माण

814 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या जिला चम्बा के अन्तर्गत निम्न कार्यों को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती हैः-

(i) बोंदेड़ी सड़क निर्माण;

(ii) शकारी मोड़ से बिहाली खजूआ तक बस योग्य सड़क निर्माण;

(iii) नक्रोड से थल्ली पंचायत तक बस योग्य सड़क निर्माण;

(iv) दमास से बोंदेड़ी सड़क को पक्का करना;

(v) कालोनी मोड़ रैस्ट हाऊस से भन्जरारू, SDM Office रोड़ वाया वेटनरी चनवास सड़क को पक्का करना;

(vi) चारडा गांव से ज्यूरी गाँव तक सड़क तथा गाँव महुआ, प्रभा, जिओना, उठलोग को सड़क से जोड़ने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

पंचायतों द्वारा सड़क निर्माण

815 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में सरकार जिला चम्बा के अन्तर्गत पंचायतों द्वारा निर्मित सड़कों को क्या सरकार अपने अधीन लेने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें?

पंजीकृत ए0टी0वी0/स्नोस्कूटर

816 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में साहसिक पर्यटन के लिए मनाली, सोलंगनाला और रोहतांग में कितने All Terrain Vehicles (ATV) और स्नोस्कूटर हैं;

(ख) यह सत्य है कि पर्यटन विभाग ने इनका पंजीकरण किया है; यदि हां, तो किन-किन शर्तों पर; और

(ग) सरकार ने इनको सुचारू रूप से चलाने के लिए क्या नियमावली बनाई है ?

मन्दिरों में चोरी के मामले

817 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षो में जिला कुल्लू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पुलिस थानो में किन-किन देवी देवताओं के मंदिरों में चोरी की घटनाएं घटित हुई और क्या-क्या वस्तुएं चोरी हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इन चोरी की घटनाओं में पुलिस ने कितनी चोरियों में बरामदगी की और कितने चोर पकड़े गए;

(ग) कितने चोरों को माननीय न्यायालयों के द्वारा सजा दी गयी और कितने विभिन्न कारणों से रिहा हुए; और

(घ) कितने देवी देवताओं के मंदिरों की चोरी की वारदातों में पुलिस को कोई भी सफलता प्राप्त नहीं हुई; ब्यौरा दें ?

पुल निर्माण

818 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू में तोस नाले पर पुल निर्माण हेतु NHPC द्वारा धनराशि उपलब्ध करवाई गई है;

(ख) यदि हां, तो कब और कितनी; और

(ग) निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

जनजातीय सलाहकार समिति

819 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा गठित प्रदेश स्तरीय जनजातीय सलाहकार समिति में जनजातीय लोगों को विशेषकर गुज्जरों और गद्दियों के प्रतिनिधियों को मनोनीत करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

जेल भवन का निर्माण

820 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में सब-जेल भवन बनाने हेतु कितने मामले सरकार के विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि जिला कुल्लू की सब-जेल का भवन कोर्ट परिसर के साथ सटा हुआ है; अन्य कार्यालयों में जाने हेतु सब-जेल के द्वार से होकर जाना पड़ता है जहां पर कोई सुरक्षा दीवार नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार क्या सब-जेल निर्माण हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाने का विचार रखती है ?

पदपूर्ति

821 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इन्दौरा विकास खण्ड के अन्तर्गत कृषि विभाग में किस-किस श्रेणी के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जायेगा ?

लोक निर्माण विभाग में रिक्तियां

822 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ता, सर्वेयर व ड्राफ्टसमैन के कितने-कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) ब्यौरा मण्डलवार दें ?

शिमला : 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 9 मार्च, 2015. **सचिव।**